हिमाचल प्रदेश केंद्रीयविश्वविद्यालय

Central University of Himachal Pradesh

धौलाधार परिसर-1, , धर्मशाला, जिला-कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश – 176215

DHAULADHAR CAMPUS-1, DHARAMSHALA, DISTRICT KANGRA, HIMACHAL PRADESH –176215

Phone No. 01892-229574; Fax No. 01892-229331; E-mail: registrar.cuhp@gmail.com

प्रेस नोट

दिनांक-13.9.2022

प्रकल्प बालकेंद्र के माध्यम से बच्चे सीखेंगे संस्कृत भाषा

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग एवं संस्कृत भारती हिमाचल प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में संस्कृत भारती के प्रकल्प बालकेंद्र का शुभारंभ राजकीय प्राथमिक केंद्रीय पाठशाला नर्सरी धर्मशाला में पहली कक्षा से पांचवीं कक्षा तक के छात्रों के लिए किया गया । इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ बृहस्पति मिश्र मौजूद रहे। वहीं विद्यालय की प्रभारी अध्यापिका अरुण शर्मा के अलावा संस्कृत विभाग के प्राध्यापक डॉ. नरेन्द्र कुमार पांडे, डॉ अर्चना कुमारी, नर्सरी विद्यालय के अध्यापक वीरेंद्र तथा धर्मशाला माध्यमिक विद्यालय के संस्कृत अध्यापक अभिषेक एवं पहली कक्षा से पांचवी कक्षा तक के 30 छात्र उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संयोजन डॉ. अर्चना कुमारी ने किया । इसमें शिक्षक संस्कृत विभाग के छात्र कुश गौतम तथा पुष्पराज हैं । इस बालकेंद्र प्रकल्प के अंतर्गत सप्ताह में तीन दिन बच्चों को प्रत्यक्ष माध्यम एवं खेल- खेल के माध्यम से संस्कृत एवं भारतीय संस्कृति के लघु- लघु विषयों का ज्ञान प्रदान किया जाएगा ।

पूजा भार्गवी

जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ)

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय,धर्मशाला